संख्या–369 / XXVIII(1)/2014-07(नर्सिंग)/2014

प्रेषक,

आर० के० सुधांशु,
सचिव,
उत्तराखण्ड शासन।

सेवा में,

निदेशक,
चिकित्सा शिक्षा विभाग,
उत्तराखण्ड, देहरादून।

2828......
UHC/H-1-21 BSc Nursing
Sign.... 

चिकित्सा शिक्षा अनुभाग--2 देहरादून : दिनांक: 04 दिसम्बर 2014।

विषयः– कॉलेज ऑफ नर्सिंग, हल्द्वानी की स्थापना हेतु पदों के सृजन की स्वीकृति।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आपके पत्र संख्या–26प / चि0शि0 / 172 / 2013 / 996 दिनांक 25.02.2014 के क्रम में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि कॉलेज ऑफ नर्सिंग, हल्द्वानी में नर्सिंग कॉलेज की स्थापना हेतु आई0एन0सी0 के मानकानुसार संकाय सदस्यों, नॉन टीचिंग स्टाफ एवं हॉस्टल स्टाफ हेतु निम्नलिखित पदों का सृजन शासनादेश निर्गत होने की तिथि अथवा नियुक्ति की तिथि जो भी बाद में हो, से दिनांक 28.02.2015 तक (बशर्ते कि ये पद इसके पूर्व समाप्त न कर दिये जाय) अस्थायी रूप से सृजित किये जाने की श्री राज्यपाल महोदय सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं :–

| क्र0 स0 | पदनाम | वेतन बैंड | ग्रेड पे | सृजित किये जा रहे पदों की संख्या |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 01. | प्रधानाचार्य | 15600–39100 | 7600 | 01 |
| 02. | उप प्रधानाचार्य | 15600–39100 | 6600 | 01 |
| 03. | एसोसिएट प्रोफेसर | 15600–39100 | 6600 | 02 |
| 04. | प्रवक्ता Asst prof/Lect. | 15600–39100 | 5400 | ~~10~~ 3 |
| | योग | | | 10 14 |
| | मिनीस्ट्रियल स्टाफ | | | |
| 01. | प्रधान सहायक | 9300–34600 | 4200 | 01 |
| 02. | आशुलिपिक | 9300–34600 | 2800 | 01 ??|
| 03. | वरिष्ठ सहायक | 5200–20200 | 2800 | 02 ?? |
| 04. | कनिष्ठ सहायक | 5200–20200 | 2000 | 02 |
| 05. | लेखाकार | 9300–34600 | 4200 | 01 ?? |
| 06. | लाइब्रेरियन | 5200–20200 | 2800 | 02 (1) |
| 07. | स्टोर कीपर | 5200–20200 | 1900 | 01 |
| | योग | | | 10 |
| | हॉस्टल स्टाफ | | | |
| 01. | वार्डन | 9300–34600 | 2400 | 02 |
| | योग | | | 02 |
| | आउटसोर्स के माध्यम से तैनात किये जाने वाले पद | | | |
| 01. | प्रवक्ता माइक्रोबायोलॉजी | आउट सोर्स | – | 01 |
| 02. | प्रवक्ता बायोकैमेस्ट्री | आउट सोर्स | – | 01 |
| 03. | प्रवक्ता बायोफिजिक्स | आउट सोर्स | – | 01 |

1:47 AM 1632205314991.jpg

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 04. | प्रवक्ता न्यूट्रीशन | आउट सोर्स | — | 01 |
| 05. | प्रवक्ता अंग्रेजी | आउट सोर्स | — | 01 |
| 06. | प्रवक्ता कम्प्यूटर | आउट सोर्स | — | 01 |
| 07. | पुस्तकालय सहायक | आउट सोर्स | — | 01 |
| 08. | चपरासी | आउट सोर्स | — | 04 |
| 09. | कुक | आउट सोर्स | — | 03 |
| 10. | सफाई कर्मचारी | आउट सोर्स | — | 03 |
| 11. | चौकीदार | आउट सोर्स | — | 03 |
| 12. | चपरासी/आया | आउट सोर्स | — | 02 |
| | योग | | | 22 |
| | महायोग | | | 48 |

2- उपरोक्तानुसार स्वीकृत पदों में से आउट सोर्सिंग द्वारा सृजित पदों को छोड़कर अन्य पदों के वेतन, महंगाई भत्ता, अन्य भत्ते एवं अन्य सुविधायें राज्य सरकार द्वारा निर्गत शासनादेशों/आदेशों/नियमों के अनुसार देय होंगे।

3- उक्त पदों पर नियुक्ति/तैनाती संगत सेवा नियमावली एवं भारतीय नर्सिंग परिषद के मानक/निर्देशानुसार ही की जायेगी। उक्त हेतु आवश्यक धनराशि की व्यवस्था आगामी प्रथम अनुपूरक/नई मांग के माध्यम से की जानी सुनिश्चित की जाएगी।

4- भारतीय नर्सिंग परिषद के अद्यतन मानकों में यदि न्यूनतम आवश्यकता से मानक कम हो चुके हों तो उपरोक्त स्वीकृत पदों की पूर्ति के समय तदनुसार कम संख्या में पदों को भरा जायेगा।

5- यह आदेश वित्त विभाग के अशा0 सं0–125(P)/XXVII(3)/2014–15, दिनांक 29.08.2014 में प्राप्त उनकी सहमति से जारी किये जा रहे हैं।

भवदीय,

(आर0 के0 सुधांशु)
सचिव।

संख्या एवं दिनांक तदैव।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1- महालेखाकार, उत्तराखण्ड, ओबराय बिल्डिंग, मांजरा, देहरादून।
2- आयुक्त, कुमांऊ मण्डल।
3- जिलाधिकारी, नैनीताल।
4- निदेशक, कोषागार, उत्तराखण्ड, 23 लक्ष्मी रोड, देहरादून।
5- प्राचार्य, राजकीय मेडिकल कालेज, हल्द्वानी।
6- सम्बन्धित कोषाधिकारी।
7- बजट राजकोषीय नियोजन एवं संसाधन निदेशालय, सचिवालय, देहरादून।
8- वित्त अनुभाग–3, उत्तराखण्ड शासन।
9- निदेशक, एन0आई0सी0, सचिवालय परिसर, देहरादून।
10- गार्ड फाईल।

आज्ञा से,

(मायावती ढकरियाल)
संयुक्त सचिव।

संख्या–221/XXVIII(2)/2016.07(नर्सिंग) 2014

प्रेषक,

डी0 सेन्थिल पाण्डियन,
सचिव,
उत्तराखण्ड शासन।

सेवा में,

निदेशक,
चिकित्सा शिक्षा,
देहरादून।

चिकित्सा शिक्षा अनुभाग–2 देहरादून: दिनांक: 05 अक्टूबर, 2016।

विषयः– राजकीय नर्सिंग कॉलेज हल्द्वानी हेतु सृजित संकाय सदस्यों के पदों में संशोधन के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अपने पत्र संख्या–26प / चि0शि0 / 62 / 2013 / 483 दिनांक–28 जनवरी, 2016, पत्र संख्या–26प / चि0शि0 / 62 / 2013 / 1209 दिनांक–08 मार्च, 2016 एवं पत्र संख्या–26प / चि0शि0 / 62 / 2013 / 4998 दिनांक–26 सितम्बर, 2016 को सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिनके माध्यम से शासनादेश संख्या–369 / XXVIII(1)/2014–07(नर्सिंग)2014 दिनांक–04 सितम्बर, 2014 के द्वारा राजकीय नर्सिंग कॉलेज हल्द्वानी के संचालन हेतु सृजित पदों में से संकाय सदस्यों के पदों को संशोधित करने एवं ट्यूटर के नये पद सृजित किये जाने का अनुरोध किया गया है।

2– इस संबंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि शासनादेश संख्या–369 / XXVIII(1)/2014–07(नर्सिंग)2014 दिनांक–04 सितम्बर, 2014 द्वारा प्रवक्ता के वेतनमान रू0 15600–39100 ग्रेड पे–5400 में सृजित 10 पदों में से 07 पदों के समर्पित करते हुए निम्न तालिकानुसार ट्यूटर के 10 अस्थाई पदों के सृजन की भी राज्यपाल महोदय सहर्ष निम्न शर्तों पर अनुमति प्रदान करते है:–

| क्र0सं0 | पदनाम | वेतन बैंड | ग्रेड पे | सृजित पदों की संख्या |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | ट्यूटर | 9300–34800 | 4600 | 10 |

3– शासनादेश दिनांक–04.09.2014 द्वारा प्रवक्ता के सृजित पद 03 (तीन) समझे जायेंगें। उक्त सीमा तक शासनादेश दिनांक–09.04.2014 संशोधित समझा जाऐगा।

4- पदों के सृजन के संबंध में उक्त संशोधन के अतिरिक्त शासनादेश संख्या-369/XXVIII(1)/2014-07(नर्सिंग)2014 दिनांक-04 सितम्बर, 2014 में निर्धारित शेष पद व शर्तें यथावत रहेंगी।

5- यह आदेश वित्त विभाग के अशासकीय संख्या-155(P)XXVII(3)/2016, दिनांक- 28.11.2016 में प्राप्त उनकी सहमति से जारी किया जा रहा है।

भवदीय,

(डी0 सेन्थिल पाण्डियन)
सचिव।

संख्या- 221 / XXVIII(2)/2016-07(नर्सिंग) 2014 तद्दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

1- महालेखाकार, उत्तराखण्ड, ओबराय बिल्डिंग, माजरा, देहरादून।
2- आयुक्त कुमाऊं मण्डल।
3- ज़िलाधिकारी नैनीताल।
4- निदेशक, कोषागार, उत्तराखण्ड, 23 लक्ष्मी रोड़ देहरादून।
5- प्राचार्य, राजकीय मेडिकल कॉलेज, हल्द्वानी।
6- संबंधित कोषाधिकारी।
7- बजट राजकोषीय नियोजन एवं संसाधन विकास निदेशालय, सचिवालय, देहरादून।
8- वित्त अनुभाग-3 उत्तराखण्ड शासन।
9- निदेशक, एन0आई0सी0 सचिवालय परिसर।
10- गार्ड फाईल।

आज्ञा से,

(शिव शंकर मिश्रा)
अनु सचिव।